
## इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र ने डीपीएस रांची में सेवा पर्व मनाया



सिटी रिपोर्टर • इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र ने डीपीएस में सेवा पर्व समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में झारखंड के 15 स्कूलों से 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शामिल हुए। उन्होंने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण की सरकार की दृष्टि साझा की। मौके पर पद्मश्री मुकुंद नायक, पद्मश्री महाबीर नायक, विधायक सीपी सिंह ने विचार रखे। पुरस्कृत चित्रकला को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शनी के रूप में नई दिल्ली स्थित ललित कला अकादमी व राष्ट्रीय आधुनिक कलागैलरी में प्रदर्शित होगी।

## डीपीएस में पेंटिंग कार्यशाला का आयोजन

रांची : दिल्ली पब्लिक स्कूल में आइजीएनसीए रीजनल सेंटर रांची द्वारा पेंटिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे राष्ट्रीय पहल सेवा पर्व 2025 का हिस्सा है। कार्यशाला में 15 विद्यालयों से 100 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ व विशिष्ट अतिथि विधायक सीपी सिंह उपस्थित थे। पद्मश्री मुकुंद नायक व महावीर नायक ने प्रतिभागियों को प्रेरित किया। प्राचार्या डा. जया चौहान ने विद्यार्थियों की प्रशंसा की। (जासं)

दैनिक जागरण

25-09-2025



डीपीएस रांची में बुधवार को आयोजित सेवा पर्व कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ के साथ प्रतिभागी छात्र-छात्राएं और स्कूल के शिक्षक।

# युवाओं पर है देश के विकास का दारोमदार: संजय सेठ

- डीपीएस में 'सेवा पर्व समारोह' का आयोजन
- 15 स्कूलों के 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया

रांची, वरीय संवाददाता। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, रांची की ओर से बुधवार को डीपीएस रांची में 'सेवा पर्व समारोह' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड के 15 स्कूलों के 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने 2047 तक 'विकसित भारत' के निर्माण की सरकार की परिकल्पना साझा की, जो स्वतंत्रता का शताब्दी वर्ष होगा।

उन्होंने युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि देश के विकास का दारोमदार युवाओं के कंधों पर ही है। उन्होंने छात्रों से राष्ट्र की प्रगति में सक्रिय रूप से योगदान देने की अपील भी की। विधायक सीपी सिंह ने छात्रों को झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर पर गर्व करने की प्रेरणा दी।

पद्मश्री मुकुंद नायक और पद्मश्री महावीर नायक ने छात्रों को प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने चित्रकला के माध्यम से 'विकसित भारत' की झलक पेश की। इन प्रविष्टियों को राष्ट्रीय स्तर के लिए भेजा जाएगा। विजेताओं को भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही, चयनित व पुरस्कृत चित्रकला को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया जाएगा।

# आइजीएनसीए की दो दिवसीय चित्रकला कार्यशाला कल से

जागरण संवाददाता, रांची: इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आइजीएनसीए) क्षेत्रीय केंद्र रांची, सेवा पर्व राष्ट्रीय पहल के अंतर्गत "विकसित भारत" थीम पर दो दिवसीय चित्रकला कार्यशाला का आयोजन करने जा रहा है। यह कार्यशाला 23 और 24 सितंबर को डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय और दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित होगी। इसका उद्देश्य छात्रों और उभरते कलाकारों को कला के माध्यम से अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करना है।

कार्यक्रम में 200 से अधिक छात्रों के भाग लेने की उम्मीद है। विजेता प्रतिभागियों को संस्कृति मंत्रालय द्वारा पुरस्कार राशि दी जाएगी, और चयनित कलाकृतियों को नई दिल्ली स्थित ललित कला अकादमी और राष्ट्रीय आधुनिक कला गैलरी में प्रदर्शित किया जाएगा।

23 सितंबर को डीएसपीएमयू में विश्वविद्यालय और कालेज स्तर के छात्र भाग लेंगे, जबकि 24 सितंबर को डीपीएस में स्कूल स्तर के छात्र शामिल होंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह और सारयू राय, पद्मश्री अशोक भगत, लोक कलाकार मुकुंद नायक, मधु मंसूरी हंसराज और महावीर नायक को आमंत्रित किया गया है। आइजीएनसीए ने कहा है कि यह पहल "विकास भी, विरासत भी" के सिद्धांत पर आधारित है, जो युवाओं, महिलाओं व समुदायों को राष्ट्र निर्माण में भागीदारी के लिए प्रेरित करेगी।

# चित्रकला प्रतियोगिता में कलाकारों की दिखी प्रतिभा



**रांची**. संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 17 सितंबर से दो अक्तूबर तक राष्ट्रव्यापी अभियान भारत के रंग, कला के संग के तहत मंगलवार को डीएसपीएमयू में राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता व कार्यशाला हुई.मुख्य विषय सेवा पर्व-विकसित भारत का दृष्टिकोण था. कार्यशाला में छात्रों और युवा कलाकारों को चित्रकला के तकनीक और रचनात्मक आयामों के बारे में प्रशिक्षित किया गया. कार्यक्रम का आयोजन डीएसपीएमयू के प्रदर्शन कला विभाग और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आइएनजीसीए), रांची के संयुक्त तत्वावधान में किया गया. मुख्य अतिथि पद्मश्री मुकुंद नायक व विशिष्ट अतिथि पद्मश्री महावीर नायक थे. कार्यक्रम का समन्वयन डॉ गीतांजलि सिंह, डॉ कुमार संजय झा और डॉ कमल बोस द्वारा किया गया.